सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक07.04.2020

सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय रांची
वज्ञप्ति संख्या- *215/2020*
*7*अप्रैल *2020*
सूचना भवन, रांची।

============================
खूंटी में सखी मंडल की दीदियों द्वारा बनाया जा रहा तुलसी एवं लेमनग्रास युक्त सैनिटाइजर
============================

कोरोनावायरस के बचाव के लए एक ओर सरकार अपना पूरा प्रयास कर रही है वहीं खूंटी के सखी मंडल की दीदियों द्वारा भी लोगों को स्वस्थ रखने के लए सेनिटाइजर का निर्माण कया जा रहा है। खूंटी जिले के सदर प्रखंड के पानी कड़ा ग्राम में स्थित अनीगड़ा ग्रामीण सेवा केंद्र में जिला प्रशासन खूंटी एवं जे एस एल पी एस की मदद से सखी मंडल की आठ दीदियों ने इस रचनात्मक सोच को धरातल पर उतारा है।

सखी मंडल की दीदियां राज्य के व भन्न शहरों से सेंटर के लए उपयोग की सामानों का संग्रह करने के पश्चात निर्धारित मात्रा में साम ग्रयों का निर्माण मश्रण बनाकर उसकी पैकेजिंग व बिक्री कर रहीं है। महिलाओं द्वारा इस सेनिटाइजर में लेमन ग्रास अथवा तुलसी का तेल भी मलाया जा रहा है क्यों क ये पौधे औषधीय पौधों में शुमार हैं जिसकी वजह से वषाणुओं से निपटने में मदद मलेगी और इस सेनिटाइजर का महत्व भी बढ़ जाता है।

खूंटी जिला में अब तक कुल *225* लीटर सैनिटाइजर का उत्पादन कया जा चुका है जिसकी पैकेजिंग तुलसी एवं लेमान ग्रास वाले सेनिटाइजर के *100* मली, *250* मली और *500* मली के अलग अलग प्रकार के बोतलों में की गई है। यहां उत्पाद कए गए सैनिटाइजर में अल्कोहल की मात्रा *72%* है, ग्लिसरीन की मात्रा *13%* डस्टिल्ड पानी की मात्रा *13%* व तुलसी अथवा लेमन ग्रास की मात्रा *2%* है। आने वाले एक-दो दिनों में उत्पाद को बढ़ाकर

1000 लीटर करने का लक्ष्य रखा गया है। सखी मंडल की दीदियों द्वारा सैनिटाइजर को आम लोगों तक पहुंचाने के लए सुबह ***8:00*** से ***11:00*** बजे के बीच व भन्न स्थानों पर रोड कनारे स्टॉल लगाए जाने की योजना भी बनाई जा रही है।

###

==================

#TeamPRDJharkhand